हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024



# परीक्षा के दौर में साय सरकार की उपलब्धियां गिनाएगा शिक्षा विभाग, 9 से 20 दिसंबर के मध्य मेहंदी-रंगोली जैसी पांच प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में एक साल पूरा कर चुकी साय सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने का काम अब सरकारी विभागों को सौंप दिया गया है। शिक्षा विभाग को भी शासन स्तर से आदेश जारी कर 9 से 20 दिसंबर के मध्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का बखान करने के लिए मेहंदी, रंगोली जैसे पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं।

खास बात यह है कि इसी अवधि के दौरान जिले में छैमाही परीक्षा भी आयोजित की गई है। ऐसे में परीक्षा के दौर में विभाग सरकार की उपलब्धियां गिनाने का काम करता नजर आएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर-दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने प्रदेश में अपनी सरकार बनाई थी। तीन दिसंबर को परिणाम सामने आए थे। यही कारण है कि प्रदेश की साय सरकार अब अपने एक साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने की कवायद में जुट गई है। आने वाले दिनों में निकाय एवं पंचायत चुनाव भी होने हैं। ऐसे में इसको ध्यान में रखते हुए लोगों तक अपने काम को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश शासन के लोक शिक्षण संचालनालय ने 4 दिसंबर को एक आदेश जारी कर सभी जिलों को यह करने को कहा गया है। ऐसे में आदेश के बाद विभाग तैयारियों में भी जुट गया है।

## साय सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम होंगे, सभी विभाग कराएंगे

### यह प्रतियोगिता कराएगा विभाग

मिली जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि 9 से 20 दिसंबर के मध्य यह कार्यक्रम आयोजित किए जाने है। इनमें एक साल की उपलब्धियों पर आधारित क्वीज, सुशासन पर पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई जाएगी। पोस्टकार्ड लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता केवल बालिका वर्ग एवं रंगोली प्रतियोगिता केवल बालिका वर्ग के लिए आयोजित कराने कहा गया है।




### 10 फोटोग्राफ भी देना होगा

आदेश में साफतौर पर कहा गया है कि जिलेवाल इन आयोजनों के बाद जानकारी संलग्न कर प्रदेश स्तर पर भेजा जाना है। इसके लिए 25 दिसंबर की अवधि तय की गई है। सभी जिलों को उनके द्वारा कराए जाने वाली गतिविधियों से संबंधित 10 चुनिंदा फोटोग्राफ्स एवं दस समाचार पत्र की कटिंग भी मंगाई गई है। इसके अलावा आयोजन का प्रचार-प्रसार करने भी कहा गया है।

### सभी विभागों को मिला टॉस्क

ऐसा भी नहीं है कि केवल शिक्षा विभाग को ही सरकार की उपलब्धियां गिनाने का काम दिया गया हो, बल्कि लगभग सभी विभाग को जनहितकारी योजनाओं को लेकर उपलब्धियां गिनाने को लेकर गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश प्रदेश स्तर से जारी किए गए हैं। ऐसे में सभी विभाग अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं का प्रचार-प्रसार सरकार की उपलब्धियों के नाम पर करता नजर आएगा।

---

## व्यवस्था फेल: नई खरीदी के लिए स्थान नहीं, समिति प्रबंधक परेशान

# चार जिलों में 254 केंद्र बफर लिमिट के पार, दर्जनों उपार्जन केंद्र में खरीदी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी को शुरू हुए तीन सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक परिवहन की प्रक्रिया अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पाई है। मिलर्स के अब तक उठाव से दूर रहने के चलते केंद्रों में ही धान जाम हो गया है। हालांकि प्रशासन जरूर उठाव में गति आने की बातें कह रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह दावे झूठे नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले को मिलाकर ढाई सौ से अधिक केंद्र ऐसे हैं, जहां बफर लिमिट पार हो गई है।

महज दस फीसदी केंद्रों में ही खरीदी के लिए पर्याप्त स्थान शेष रह गया है। सबसे बुरा हाल मोहला-मानपुर जिले का है, जहां उठाव नहीं होने से अधिकांश उपार्जन केंद्रों में खरीदी तक बंद हो गई है। एक तरफ उठाव की गति में रफ्तार नहीं आ रही है। वहीं दूसरी ओर तीन दिन बाद मौसम विभाग ने भी बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में खुले में पड़े 42 लाख क्विंटल से अधिक धान को सुरक्षित रख पाना भी चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। हर साल खरीदी शुरू होने के बाद सप्ताहभर के भीतर ही तेज रफ्तार से परिवहन शुरू हो जाता था, लेकिन इस बार मिलर्स के असहयोग आंदोलन की वजह से परिवहन प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने सप्ताहभर पहले अपने स्तर पर उठाव शुरू कराया है, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रहा है।

## मिलर्स द्वारा उठाव शुरू नहीं होने से स्थिति बिगड़ी, किसान परेशान

### नांदगांव जिले में सर्वाधिक खरीदी

गुरुवार तक राजनांदगांव जिले में 44185 किसानों से 22.16 लाख क्विंटल खरीदी हो चूकीं है। खैरागढ़ जिले में 22335 किसानों से 12.09 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है। मोहला मानपुर जिले में 11489 किसानों से 5.64 लाख क्विंटल एवं कवर्धा जिले में 33148 किसानों से 15.84 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चूकां है। उठाव की स्थिती गंभर है, राजनांदगांव जिले में 79 हजार, खैरागढ़ में 82 हजार मोहला मानपुर जिले में 10 हजार एवं कवर्धा जिले में महज 73 हजार क्विंटल ही धान उठा है।



### और बिगड़ेगी केंद्रों में स्थिति

जीमनी स्तर पर धान खरीदी से जुड़े लोगों की माने तो आने वाले दो से तीन दिन में स्थिति और अधिक बिगड़ते नजर आ रही है। उनका कहना है कि उठाव के लिए जब तक मिलर्स से अनुबंध नहीं किए जाएंगे और बड़ी संख्या में वाहनों को उठाव करने नहीं लगाया जाएगा, तब तक केंद्रों से जाम की स्थिति को सुधार कर पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। ज्ञात हो कि अब तक मिलर्स ने एक दाना धान भी उपार्जन केंद्रों से नहीं उठाया है।

### 282 केंद्र में 254 की स्थिति गंभीर

मिली जानकारी के अनुसार चार जिलों को मिलाकर कुल 282 उपार्जन केंद्रों के जरिये किसानों से धान खरीदी की जा रही है। इनमें 254 केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। जिलेवार आंकड़े देखें तो राजनांदगांव जिले के 96 उपार्जन केंद्रों में 89 में बफर लिमिट पार हो गई है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 51 में 46, मोहला-मानपुर जिले में 27 में 24 और कवर्धा जिले के 108 उपार्जन केंद्रों में 95 में बफर लिमिट से अधिक खरीदी कर ली गई है।

---

# अतिक्रमण बताकर तोड़ा मकान न्याय के लिए भटक रहा परिवार

## मोखला ग्राम का मामला, आदिवासी परिवार पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोखला के एक आदिवासी परिवार का मकान अतिक्रमण बताकर तोड़े जाने के मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सोहनलाल नेताम ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय पल्टन नेताम के नाम पर उक्त भूमि का पट्टा वर्ष 1984 में प्रदत्त किया गया था। उनकी गांव में कृषि भूमि भी है और वह वर्तमान में रोजी-रोटी के लिए अपनी पत्नी और बच्चों के साथ राजनांदगांव में रहकर चौकीदारी का कार्य करता है।

**अतिक्रमण कर बसने का आरोप**

पीड़ित ने बताया कि बीते 7 नवंबर को गांव की सरपंच के ससुर परदेशीराम साहू द्वारा उनकी पत्नी को फोन करके बोला गया कि हम तुम्हारे मकान को तोड़ रहे हैं। वहीं जातिगत गाली-गलौज करते गांव में अतिक्रमण कर बसने का आरोप लगाया। इसके बाद जब पीड़ित सोहनलाल नेताम अपने घर मोखला पहुंचा तो उसका मकान तोड़ दिया गया था।

### कलेक्टर-एसपी से लगाई गुहार

भूमि का पट्टा होने के बाद भी अतिक्रमण बताकर तोड़े गए मकान के मामले में पीड़ित ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर कार्रवाई करने और क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की गुहार लगाई है।

### बिना नोटिस मकान तोड़ने का आरोप, एसपी के नाम सौंपा पत्र

पंचायत द्वारा बिना नोटिस दिए मकान तोड़े जाने के मामले को लेकर पीड़ित ने सुरगी पुलिस चौकी में आवेदन प्रस्तुत कर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद उसने इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर सरपंच अमेरिका साहू और उनके ससुर परदेशीराम साहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। **घर के सामानों का भी हुआ नुकसान** : मामले में शिकायत को लेकर पहुंचे पीड़ित सोहनलाल ने बताया कि उनका परिवार 40 वर्षों से उक्त मकान में निवासरत था। बिना पूर्व सूचना के मकान तोड़े जाने से घर के भीतर रखे सामान को भी नुकसान हुआ है।

---

# ऐन चुनाव के पहले 10 करोड़ का टेंडर निरस्त करवाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव के पहले शहर की जर्जर सड़कों में डामरीकरण का इंतजार कर रहे शहरवासियों को झटका लग सकता है। भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा दस करोड़ रुपए के टेंडर को निरस्त करवाने की तैयारी शुरू की गई है। यदि निगम ने टेंडर निरस्त कर दोबारा किया तो चुनाव के पहले शहर को डामरीकरण की सौगात नहीं मिल पाएगी।

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के भाजपा और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पिछले दो दिन पहले एक गोपनीय स्थान में ठेकेदारों की एक बैठक बुलवाई थी। डामरीकरण के टेंडर को भरने वाले ठेकेदारों के बीच आपस में काम बांटा गया है। बताया जाता है कि निगम के एक भाजपा नेता ने ठेकेदारों को आश्वस्त किया है कि टेंडर को निरस्त कर नया टेंडर करवाया जाएगा। इस टेंडर को पूरी तरह मैनेज करने की रणनीति तैयार की गई है। सूत्रों की माने तो भाजपा नेता ने इस आशय का दबाव भी निगम के अफसरों पर बना दिया है। इधर टेंडर को दोबारा करने के चलते डामरीकरण आचार संहिता की भेंट चढ़ जाएगा।

# आटो में कर रहा था अवैध रूप से शराब तस्करी, 18 पौवा जब्त..आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आटो में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में पुलिस महकमे द्वारा अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्रभावी रूप से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अभियान के तहत 4 दिसंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लिटिया से सुकुलदैहान की ओर से ऑटो में एक व्यक्ति मात्रा से अधिक शराब परिवहन कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस मुखबीर के बताये अनुसार जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी बेनूराम मारकंडे के ऑटो में रखे एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर से कुल 18 पौवा देशी एवं अंग्रेजी शराब कीमती 2020 रुपए एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त ऑटो को जब्त कर आरोपी बेनूराम मारकंडे को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# प्राचीन मंदिर से भगवान की मूर्तियों की चोरी, नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम चिद्दो के ग्रामीणों ने आज सुबह गांव की मुख्य सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की जानकारी लगते ही मौके पर तहसीलदार पहुंचे और समझाईस के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।



पूरा मामला राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम चिद्दो का है, जहां बीते रविवार को गांव के बाहर स्थित प्राचीन मंदिर में स्थापित भगवान की मूर्तियों को नुकसान पहुंचा गया था और कुछ मूर्तियों की चोरी का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद से ग्रामीण और हिन्दू संगठन लगातार इस ओर दोषियों पर कार्रवाई सहित मंदिर के जीर्णोद्धार करने की मांग कर रहे थे, परंतु प्रशासन द्वारा उन्हें कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा था। प्रशासनिक सकारात्मक जवाब न मिलने की स्थिति में आज सुबह तड़के आक्रोशित ग्रामीणों और हिन्दू संगठन के लोग डोंगरगढ़-चिद्दो मुख्य मार्ग पर उतर गए और सड़क पर चक्काजाम कर दिया। वहीं चक्काजाम की जानकारी लगते ही मौके पर तहसीलदार पहुंचे और उन्होंने काफी देर तक समझाइस दी। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

---

## ट्रस्ट मंडल की गतिविधि रोकने की मांग, प्रशासन से मांगी मरम्मत की अनुमति

# व्यापारियों ने कहा: कांग्रेस भवन बनाने हमने भी दिया था अंशदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जयस्तंभ चौक स्थित जर्जर कांग्रेस भवन को तोड़कर यहां प्रस्तावित कांग्रेस भवन का नवनिर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य से भवन के दोनों और व्यापारियों की दुकान प्रभावित हो रही है। जिसको लेकर व्यापारियों ने कांग्रेस ट्रस्ट मंडल की गतिविधियों को रोकने की मांग प्रशासन से प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से की है।

जर्जर इमारत गिराये जाने से कांग्रेस भवन परिसर की दुकानों में क्षति पहुंचाने का हवाला देकर कांग्रेस भवन व्यापारी संघ की ओर से मुकेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ट्रस्ट मंडल बनाकर 60 के दशक में शासन से जमीन दान में लेकर यहां कांग्रेस भवन का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि तब यहां के व्यापारियों को शेयर होल्डर बनाया गया और व्यापारियों से 2 हजार रुपए अंशदान लिया गया, फिर इन्हीं व्यापारियों को कांग्रेस भवन परिसर की दुकान दी गई। इसके बाद व्यापारी ट्रस्ट मंडल के मदन गोमास्ता और आनंद किशोर गुप्ता को दुकान का किराया की राशि 50 से 70 रुपए देते थे। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान मुकेश गुप्ता, संजय वाघेला, समीर लालवानी, प्रफुल्ल पटेल, राहुल रायचा, परमानंद गिरवानी और हिनाबेन रायचा सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।




### व्यापारियों ने की मांग

बीते 10 अक्टूबर को व्यापारियों ने कांग्रेस भवन ट्रस्ट मंडल को व्यापारियों के हित में सुझाव पत्र दिया है। जिसमें दुकान निर्माण हेतु समय-सीमा निर्धारित करने और कांग्रेस भवन निर्माण से पूर्व दुकानों का निर्माण किए जाने की मांग की है। वहीं दुकानों के लिए कॉमन वॉशरूम, पार्किंग सुविधा, दुकानों की साइज 12 बाय 20 एवं दो मंजिला दुकान निर्माण, पश्चात मासिक किराया 15-20 हजार तक ही रखने और 5 वर्ष में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी, नवनिर्मित दुकानों पर हस्तांतरित नीति लागू करने सहित अनुबंध और अन्य मांगे की है।

**बिना सूचना के तोड़फोड़** : भवन तोड़े जाने को लेकर व्यापारियों ने कहा कि व्यापारियों के निवेदन के बाद भी यहां रविवार बाजार के दिन बुलडोजर चलाया गया और बिना सूचना के तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। जिसको लेकर थाना में भी शिकायत की गई, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। व्यापारियों ने कहा कि वह किसी भी प्रकार का विवाद नहीं चाहते हैं। वर्तमान में यह भवन तोड़े जाने से जो दुकानों को क्षति हुई है, उसके लिए प्रशासन व्यापारियों को अपनी दुकान मरम्मत करने की अनुमति दे।

### 50 लाख देने की पेशकश

व्यापारियों ने कहा कि बीते 8-10 वर्ष से जर्जन भवन के नवनिर्माण के लिए व्यापारियों का समर्थन मांगा गया, जिस पर व्यापारी तैयार हुए। इस दौरान दुकानों का नवनिर्माण कर यहां के व्यापारियों को दुकान दिए जाने की बात कही गई थी। जिसके लिए 15-15 लाख रुपए मांगे गए थे। इसके बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी और तत्कालीन प्रभारी मंत्री के साथ यहां के व्यापारियों की मीटिंग कराई गई, तब 15 लाख की जगह व्यापारियों से 25 लाख मांगे गए थे, लेकिन अब 45 लाख रुपए जयस्तंभ चौक रोड की दुकानों के और 35 लाख रुपए गोल बाजार क्षेत्र की दुकानों के मांगे जा रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि सभी व्यापारियों ने ट्रस्ट मंडल को एकमुश्त 50 लाख रुपए देने की पेशकश की थी, लेकिन व्यापारियों की नहीं सुनी गई।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा आज से

**पटेवा।** ग्राम के देवांगन परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कल 6 से 12 दिसंबर तक किया गया है। कल 6 दिसम्बर को गणपति पूजन, कलश यात्रा, पोथी वेदी पुजन, 7 दिसंबर को शिव महापुराण महत्व, नारद मोह, 8 को शिवलिंग स्थापना, रूद्राक्ष धारण, 9 को गंगा अवतरण, समुद्र मंथन, बिल्व उत्पत्ति, 10 को दक्ष चरित्र, सति चरित्र, शिव पार्वती विवाह, 11 को अशोक सुंदरी जन्मकथा, गणेश जन्म, चढ़ौत्री और अंतिम दिन 12 दिसंबर को शिव रात्रि व्रत, द्वादश ज्योतिर्लिंग महत्व, प्रसादी वितरण होगा।

### जिले में बने भाजपा के 62 हजार सदस्य

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने सदस्यता अभियान में



सक्रिय योगदान के लिए भाजपा कार्यकर्ता को बधाई देते हुए आभार जताया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किए गए सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश में 60 लाख से अधिक सदस्य बनाए गए है। इसी कड़ी में केसीजी जिले के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत कर लगभग 62 हजार सदस्य बनाया है जो ऐतिहासिक कीर्तिमान हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह जिला और विधानसभा भाजपा गढ़ बन जाएगा।

### आगजनी से दस एकड़ का पैरावट खाक

**सड़क अतरिया।** चकनार में गुरूवार को एक पैरावट में आग लगने से करीब दस एकड़ का पैरा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों को जानकारी



मिलने पर दमकल की सहायता से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। जानकारी अनुसार ग्राम के वार्ड 12 स्थित आंगनबाड़ी भवन के समीप ब्यारा में पवन पटेल, राधेश्याम तथा जहरी का करीब दस एकड़ का पैरा रखा था। समीप ही खेत में भूस्वामी ने कटाई के बाद शेष पैरा में आग लगाया था। आग फैलते हुए ब्यारा तक पहुंच गई। जब ग्रामीणो को आग लगने की जानकारी हुई तब तक आग काफी फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने दमकल को घटना की सूचना दिया तथा अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया।

### विद्यार्थियों ने देखा लांजी का किला

**डोंगरगढ़।** नेहरु महाविद्यालय के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर राजनीति




विज्ञान के छात्र छात्राओं ने गत दिनों प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशानुसार लांजी के लजकारी मंदिर, कोटेश्वर महादेव मंदिर, बालाजी मंदिर, लोटामा झरना, वैरी डेम का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को मंदिर के सौंदर्य, भौगोलिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य से अवलोकन कराया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, अनिमा मिंज एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 9 से

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 दिसम्बर तक किया गया है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एमएल नंदेश्वर ने बताया कि जिन महाविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती है वह 9 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे तक स्टेडियम में उपस्थित हो सकती है।

### अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन जनवरी में

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच ने विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 11 एवं 12 जनवरी को रामस्वरूप निरंजन लाल ट्रस्ट धर्मशाला रायपुर में आयोजित किया है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष कन्हैया गोयल, महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बताया कि 6 जनवरी को परिचय सम्मेलन में आए युवक-युवतियों के संबंधों को बनाने के लिए समन्वय का विशेष सत्र होगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए आनलाइन फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर तक 245 पंजीयन हो चुके है जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट, एमबीए व्यवसायी आदि बच्चे शामिल हैं। परिचय सम्मेलन में प्रवेश के लिए फार्म भरकर एक हजार शुल्क जमा करना होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर है।

### 30 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में

**घुमका।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत महिला बाल विकास



विभाग परियोजना ग्रामीण 2 ने ग्राम पंचायत इरईकला में 30 जोड़ो को हिन्दू रीति रिवाज़ से विवाह कराया। वैवाहिक कार्यक्रम गायत्री पीठ जालबांधा ने संपन्न कराया। कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी, महिला बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, परियोजना अधिकारी विमला शर्मा, सरपंच तुलसी साहू, जनपद सदस्य डोमार साहू, प्रेमलाल साहू, माधो साहू, हिरेन्द्र साहू आदि शामिल हुए। विवाह के बाद जनपद अध्यक्ष श्रीमती भंडारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने नव युगल को प्रमाण पत्र एवं 35 हजार का चेक प्रदान किया।

### परख टेस्ट में शामिल हुए 388 विद्यार्थी

**डोंगरगांव।** परख सर्वेक्षण के तहत बुधवार को ब्लाक के 17 केन्द्रो में माक टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कक्षाओं के 388 छात्र



छात्राएं शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा परख अभियान शुरू किया गया हैं जिसके तहत कक्षा तीसरी, छठवी और नवमीं के बच्चों को परीक्षा की तैयारी करने, उसके पैटर्न एवं आंसर सीट भरने के बारे बताया गया। अभियान के तहत पूर्व में भी टेस्ट का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में 4 दिसंबर को अंतिम टेस्ट का आयोजन ब्लाक के 17 शासकीय और अशासकीय स्कूलों में किया गया। टेस्ट में कक्षा तीसरी के 118, छठवीं के 99 और कक्षा नवमीं के 171 छात्र छात्राएं शामिल हुए। एबीईओ रश्मि ठाकुर, कोकपुर के संकुल समन्वयक राहुल जैन ने स्थानीय सीजी पब्लिक स्कूल पंहुच कर परीक्षा का जायजा लिया।

## डेढ़ साल से सड़क चौड़ीकरण लंबित, घटिया काम से नाराजगी

# सड़क नहीं बनने से फूटा गुस्सा कांग्रेसजनों ने किया चक्काजाम

## लोक निर्माण विभाग के अधिकारी निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विधायक की पहल पर स्वीकृत और कांग्रेस नेता के पिता द्वारा बनाई जा रही सड़क के नागरिकों के लिए मुसीबत बनने के बाद कांग्रेस नेताओं ने गुरूवार को चक्कजाम आंदोलन किया। करीब 3 घंटे तक कांग्रेसियों के सड़क पर जमे रहने से डोंगरगांव- चौकी मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई थी। इस दौरान नेताओं ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया।

उल्लेखनीय है कि तिगाला पेट्रोल पंप से तेंदूपत्ता गोदाम तक सड़क चौडीकरण के लिए 1542.84 लाख की मंजूरी मिली थी। टेंडर प्रक्रिया के बाद 12 मई 2023 को वर्क आर्डर जारी किया गया था।

इस कार्य को 12 महीनो मे पूरा करना था किन्तु 18 महीने में काम पूरा नहीं हो सका है। काम की शुरुवात चौडीकरण से किया गया था जिसके पूरा होने के पहले ही डिवाइडर बनाना शुरू कर दिया गया।

इस काम के अधूरा रहते हुए नाली का काम चालू कर दिया गया। अलग अलग हिस्सों में डामरीकरण कार्य कर अधूरा छोड़ दिया गया है।



### कांग्रेसजनों का फूटा गुस्सा

प्रदर्शन के दौरान नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर ने सड़क निर्माण में लगातार हो रहे विलंब और घटिया निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की क्लास लेते हुए काफ़ी तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने कमीशनखोरी और ठेकेदार को संरक्षण देने का खुला आरोप लगाया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष चेतन साहू, नपं अध्यक्ष हीरा निषाद, अखिलेश नखत, ललित लोढ़ा, प्रियंक जैन, किशोर बोहरा, वैशाली बोरकर, सतीश वैष्णव, श्रुति शुक्ला, रौशन यद्ु, महेंद्र वैष्णव, रवि शुक्ला, सद्दाम खत्री, रूख्मनी साहू, गोपाल टावरी, शशांक खोब्रागढ़े, संजय मुटकुरे, रितेश राजपूत, विष्णु सोनी, मौजूद थे।

### अफसरों पर भारी ठेकेदार

ठेकेदार की कार्यप्रणाली से भाजपा- कांग्रेस के नेता काफी नाराज है किन्तु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते वह भी बेबस नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सड़क को शीघ्र पूरा करने की मांग को लेकर कांग्रेस पहले भी आंदोलन कर चुकी है वहीं भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग किया था। तमाम कोशिश के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी न तो ठेकेदार पर अंकुश लगा रहे हैं और न सड़क बनवा पा रहे।

### लोगों के टूटते हाथ- पैर

अस्तव्यस्त निर्माण के चलते सड़क पर सफर करना जानलेवा साबित हो रहा है। दर्जनों बाइक सवार डिवाइडर में घुस कर अपने हाथ पैर तुड़वा चुके हैं। कई चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। आए दिन हादसे होने के बाद भी विभाग सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं।

### निर्माण के साथ पैबंद लगना जारी

सड़क की वर्तमान में हालत यह है कि विभिन्न स्थानों पर गड्डे होने के बाद पैबंद लगाना पड़ गया है। विद्युत मंडल कार्यालय, फव्वारा चौक, जन सेवा पेट्रोल पम्प सहित अन्य जगहों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। किसान कृषि केंद्र से शनि मंदिर तक डिवाइडर का काम शुरू नहीं हो सका है। चौकी से डोंगरगांव की ओर जहां डिवाइडर बना है तो वह भी क्षतिग्रस्त होने लगा है।

## तालाब में मुर्गी बीट डालने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- नाराज ग्रामीणों ने किया शिकायत

सार्वजनिक तालाबों में मत्स्य पालन के लिए मुर्गी का बीट डालकर पानी दूषित करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर धमधा ब्लाक के ग्राम बड़े टेमरी के ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर से शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि ग्राम के जुन्ना तालाब में मछली पालन के नाम पर ठेकेदार द्वारा दो हाईवा मुर्गी का बीट मंगलवार को डाला जा रहा था जिसे ग्रामीणों ने रोका और पुलिस चौकी लिटिया को सूचित किया। पुलिस ने मुर्गी बीट से भरे हाईवा की चाबी अपने पास रख लिया था। दोनों हाईवा बुधवार को दोपहर तक तालाब में ही खड़ी रही। ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ अपर कलेक्टर से शिकायत कर लीज निरस्त करने की मांग की है।

### बीट डालना गलत

मत्स्य विभाग की निरीक्षक स्विटी सिंह ने कहा कि तालाबों में मुर्गी बीट डालना की मनाही है क्योंकि इससे पानी जहरीला हो जाता है। तालाब को मां लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह को लीज पर दिया है। ठेकेदार ने ऐसा कर गलत किया है। रवि हरमुख ने बताया कि ग्रामीणो ने तालाब ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और लीज निरस्त करने की मांग किया है।

### समस्या निवारण शिविर आज

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत टप्पा में कलेक्टर के निर्देशानुसार 6 दिसंबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होगा। जनपद सीईओ रौशनी भगत से टप्पा क्षेत्र के ग्रामीणों से शिविर में शामिल होने का आव्हान किया है।



### डीएपी खाद की किल्लत

**गंडई पंडरिया।** धान की कटाई होने के बाद किसान अब चना, गेंहू सहित रवि फसल बोनी की तैयारी में जुटे है। रवि फसल के लिए किसानों को डीएपी खाद की जरूरत पड़ती है। सेवा सहकारी समिति गंडई में इन दिनों डीएपी खाद की किल्लत देखी जा रही है। 600 बोरी डीएपी खाद के लिए आरो जारी होने के बाद भी समिति में डीएपी खाद नहीं पहुंची है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में धान की फसल के लिए समिति में खाद आई थी जिसमे से डीएपी खाद की शेष मात्रा को रवि फसल के लिए बांटा गया है। रवि फसल के लिए 117 किसानों को डीएपी खाद दिया जा चुका है। करीब 150 से अधिक किसानो को डीएपी दिया जाना शेष है। किसानों को डीएपी खाद का इंतजार है। समिति में जल्द ही डीएपी खाद नहीं पहुंची तो किसानों को निजी कृषि केंद्रों से खाद लेना पड़ सकता है।

## मुक्तिधाम का कायाकल्प करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगरवासियों ने प्राचीन मुक्तिधाम के विकास के लिए वर्तमान समिति के माध्यम से कयावद शुरू किया है। नए सिरे से सदस्यों को जोड़ने के साथ लोगों के आर्थिक सहयोग और सदस्यता शुल्क से मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार करने की तैयारी शुरू हो गई। यहां चबूतरे में टाईल्स, बीड़ स्ट्रक्चर, ग्रेनाइट, तार फेंसिंग, मुक्तिधाम की सफाई के साथ पौधारोपण, चौकीदार की व्यवस्था, बाथरूम, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की गई है। खंडहर में बदल रहे मुक्तिधाम में लाखों का निर्माण कार्य कराने के साथ खंडित मूर्तियों को व्यवस्थित करने के अलावा रंगरोगन, मरम्मत आदि कार्य कराया है। नगर के सबसे प्राचीन मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए समिति की पहल पर सांसद संतोष पांडे ने 10 लाख की स्वीकति दी है। सौंदर्यीकरण जल्द शुरू होने वाला है।



### टेंडर जारी

मुक्तिधाम के लिए स्वीकृत 10 लाख के कार्यों का 4 दिसम्बर को टेंडर जारी किया गया है। पालिका के इंजीनियर रितेश स्थापक ने बताया कि 10 लाख की लागत से गार्डन, नाली, सड़क निर्माण के अलावा ग्रेनाईट का काम कराया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया के बाद स्टीमेट के आधार पर कार्य कराया जाएगा।



### फुटबाल मैच देखने उमड़ रहे लोग

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल टुर्नामिंट में शहर के लोग उपस्थित होकर रोचक मुकाबले का आनंद ले रहे है। डॉ. इलेवन फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ एसडीओपी आशीष कुंजाम एवं थाना प्रभारी विनोद वर्मा की उपस्थिति में उमा महेश वर्मा, धीरज मेश्राम, डॉ.पीके विश्वास एवं मनलर ने किया। उन्होंने बालाघाट व राजनांदगांव के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। दोनों ही मैच में अंतिम समय तक टीमें गोल नहीं कर पाई। ट्राईबेकर के माध्यम से पहले मैच में दुर्ग 3-2 और दूसरे मैच में राजनांदगांव 4-1 से जीत में सफल हुई। अतिथियों ने विजेता टीम के बेस्ट खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच का खिताब दिया।

### पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## कुरूद जा रहा महाराष्ट्र का धान जब्त

- पहले भी कई बार धान का हो चुका परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

किसी अन्य धान की अनुमति लेकर अन्य धान का परिवहन करते हुए एक ट्रक को पनियाजोब नाके में मंडी उपनिरीक्षक ने पकड़ा है। जांच में पाया गया कि जिस धान का परमिशन कलेक्टर एवं फूड विभाग ने जारी किया था उसके स्थान पर मिक्स मोटा धान ले जाया जा रहा था। पूछताछ करने पर ट्रक मालिक संतोष गढ़ेसर निवासी बालाघाट ने बताया कि इस रास्ते पहली बार धान भरकर कुरुद जा रहा था। इससे पहले चिचोला से कई बार धान भरकर कुरुद जा चुका है।

### ट्रक में लोड़ था 30 टन धान

जानकारी में ट्रक में 424 कट्टा धान लोड था। प्रत्येक कट्टा में 80 से 85 किलो धान था। धान को तुमसर मंडी से लोड कर एसएस ट्रेडर्स कुरुद ले जा रहा था। मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर धान से भरे ट्रक को बोरतालाब थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार कमलकिशोर साहू, मंडी सचिव बसंत ठाकुर, मंडी निरीक्षक ईश्वरी चंद्राकर, उप निरीक्षक छाया इसदा, खाद्य निरीक्षक हितेश मानिकपुरी, दौलत लाउत्रे, अक्षय कोवाची, रघुवीरसिंग उपस्थित थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करें
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करें...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शुरू नहीं हुआ धान का परिवहन

**चिचोला।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद मंडलोई ने सोसायटी चलो अभियान के तहत धान खरीदी केंद्र पहुंचकर किसानों से मुलाकात किया। किसानों ने सरकार की धान खरीदी सिस्टम को फेल बताया। श्री मंडलोई ने बताया कि महाराजपुर धान खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से ज्यादा 24701 क्विंटल धान जाम है जो खरीदी लिमिट से काफी अधिक है। रोजना 25–35 किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं। समिति प्रबंधक केजराम यादव ने बताया अभी तक एक बार भी धान का उठाव नहीं हुआ है। धान का परिवहन नहीं होने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिसके चलते आने वाले दिनों खरीदी बंद करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि किसान बारदाना, टोकन और भुगतान के लिए परेशान हो रहे हैं। किसान केशव दास साहू ने बताया कि बारदाना समस्या से किसान परेशान हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक साथ 31 सौ की दर से भुगतान करने का वादा किया था परन्तु 23 सौ की दर से भुगतान किया जा रहा है। रंगीटोला के आतिश सिन्हा ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में पैर रखने की जगह नहीं बची है। समस्या यह है कि अब धान का भंडारण कहा किया जाएगा।

### विद्यालय में अव्यवस्था अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



**छुईखदान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई छुईखदान ने पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि शाला में यूरिनल व्यवस्था खराब होने से छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है। यूरिनल में इतनी गंदगी है कि एक मिनट भी खड़े होना मुश्किल है। पूरा बाथरूम टूट फूट गया है। छात्रों ने बताया कि शाला में पानी संकट भी है। पानी टंकी के आसपास गंदगी फैली हुई है। उन्होंने बताया कि कक्षाओं की नियमित सफाई नहीं होती है। बच्चो को गंदे क्लास रूम में बैठ कर पढ़ाई करना पड़ता है। मध्यान्ह भोजन के बचे खाने को स्कूल परिसर के पास फेंकने की शिकायत छात्राओं ने की है। भोजन के सड़ने के बाद उसकी बदबू से छात्र छात्राओ को तकलीफों का सामना करना पड़ता है।ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर मंत्री ओम महोबिया, नगर सह मंत्री लक्की चंद्राकर, महाविद्यालय प्रमुख प्रवीण नेताम, कार्यालय सह मंत्री टीकम रजक, राष्ट्रीय कला मंच हर्ष महोबिया, विद्यालय सह प्रमुख द्वारका देवांगन, सुमित जैन, सुजल, चंदन, नीलम, मकरंद, प्रीतम आदि उपस्थित थे।

### व्यवस्थाओं का लिया जायजा, स्टाक पंजी, बारदाना एवं टोकन रजिस्टर की जांच की

# संभागायुक्त पहुंचे धान उपार्जन केंद्र निरीक्षण बाद किसानों से हुए रुबरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दुर्ग संभागायुक्त सत्यानारायण राठौर ने ब्लाक के सलोनी धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के साथ पहुंचे संभागायुक्त ने खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर, टोकन रजिस्टर की जांच की इसके साथ ही ढेरी में लगाए धान का पॉस मशीन के जरिए आर्द्रता को मापा गया।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने निरीक्षण दौरान संभागायुक्त को जिले के 39 समितियों के 51 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के संबंध में जानकारी दी। उपार्जन केंद्रों मे अब तक धान खरीदी और संग्रहण केंद्रों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंची अवेली की महिला कृषक रूपा बाई सहित अन्य से धान बेचने के दौरान परेशानी या समस्या को लेकर सवाल जवाब किया। महिला ने बताया कि टोकन लेने से लेकर उपार्जन केंद्र में लाकर धान बेचने तक किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

टोकन आसानी से मिल गया। समिति ने पर्याप्त कट्टा भी उपलब्ध कराया है और यहां अन्य व्यवस्थाएं भी ठीक है। इस अवसर पर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं रघुराज ठाकुर, जिला विपणन अधिकारीचन्द्रपाल दीवान, नायब तहसीलदार मोहनलाल झारिया सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने धान खरीदी की दी जानकारी



### सहायक आयुक्त ने आदिवासी विकास विभाग की ली बैठक

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त देवेन्द्र सिंह पाटले ने जिले के समस्त छात्रावास, आश्रम अधीक्षक अधीक्षिकाओं की विभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने छात्रावास, आश्रमों में बुनियादी सुविधाओं सहित अन्य प्रबंधन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्रावासी छात्र छात्राओं में अनुशासन व स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने संस्था के स्वच्छता व अभिलेखों के संधारण नियमित रूप से करने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने व संबंधित पंजी संधारित करने, सूचना पटल अद्यतन रखने कहा। इसके अलावा आगंतुक पंजी का संधारण और कन्या छात्रावासों में बिना अनुमति बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं देने निर्देशित किया। अधीक्षक अधीक्षिकाओं को मुख्यालय में ही निवास करने और निगरानी समिति की बैठक प्रति माह आयोजित कराने कहा।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जालबांधा का लिया जायजा

सलोनी उपार्जन केंद्र मे धान खरीदी को लेकर किसानों से सीधे संवाद करने के बाद संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जालबांधा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दैनिक उपस्थिति पंजी सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और मौजूद स्वास्थ्य अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा भी इस दौरान मौजूद थे। संभागायुक्त ने ओपीडी, पैथोलॉजी, जेनरिक दवाई कक्ष, पुरूष वार्ड सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अमले से आवश्यक जानकारी ली वही अस्पताल परिसर और विशेषकर प्रसाधन कक्ष में पर्याप्त साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवा अविलंब उपलब्ध कराने और उन्हे किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़ इसका विशेष ध्यान रखने कहा। संभागायुक्त ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की स्वास्थ्य सेवा संबंधी मामलों में लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने भरती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक थाली एक थैला अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनवरी महीने में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में प्लास्टिक के उपयोग से बचने आरएसएस स्वयंसेवको ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि अंतर्गत एक थाली एक थैला अभियान का श्रीगणेश किया।

विभाग प्रमुख मनोहर चंदेल, शैक्षणिक संस्थान प्रमुख केके वर्मा सहित अन्य ने बताया कि जनवरी से फरवरी महीने में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मे 75 देशों के 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जो भोजन सहित अन्य कामों के लिए प्लास्टिक थैला व डिस्पोजल थाली का उपयोग करेंगे जिससे निकलने वाला 40 हजार टन से उपर का कचरा पवित्र त्रिवेणी संगम को बुरी तरह से प्रदूषित करेगा।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि तहत जिले के स्वयंसेवको का यह प्रयास है कि महाकुंभ प्रदूषण व प्लास्टिक मुक्त हरित कुंभ बने इसलिए एक थाली एक थैला अभियान चलाकर हर घर से थाली व थैला मांगा जा रहा है इसे तीर्थयात्रियों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु भोजन के लिए थाली सहित अन्य कामो के लिए थैले का उपयोग करे। इस दौरान निकू श्रीवास, टेनिस साहू, श्रीराम यादव, भूपेंद्र गंगबोईर, छत्रपाल सिंह परिहार, प्रदीप सिंह, सूरज देवांगन, मनोज गिडिय़ा, संजय शर्मा, मनोज वर्मा शहर भ्रमण कर आम जनता के घरो मे दस्तक देकर थाली थैला का संग्रहण कर रहे है।

# अन्नदाताओं को न्याय नहीं मिलने पर युवा कांग्रेस करेगी तहसील कार्यालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- सरकार किसानों के साथ कर रही अन्याय

प्रदेश में अव्यवस्थित व अव्यावहारिक तरीके से हो रही धान खरीदी के विरोध में जिला युकां ने जिला अंतर्गत छुईखदान तहसील और जालबांधा उप तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमे उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान चुनावी घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के प्रत्येक किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के दर पर धान खरीदी करने के साथ प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और ग्राम पंचायत स्तर पर एकमुश्त भुगतान का वादा किया गया था, लेकिन सरकार बनने के बाद इसके ठीक विपरीत किसानों के साथ अन्याय करते हुए 2300 रुपए प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदी किया जा रहा है। खरीदी केंद्रों में धान खरीदने के लिए बारदाने की कमी, टोकन प्रणाली अव्यावहारिक होने से किसान परेशान है और तौल में दो से ढाई किलो तक अधिक धान लिया जा रहा है।

### छोटे किसानों को किया जा रहा परेशान

21 क्विंटल धान लेने का वादा कर सरकार बनाने वाली भाजपा सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीद पा रही है। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से बहुतायत में अवैध रूप से धान लाकर जिले के खरीदी केंद्रों में खपाया जा रहा है अनाज व्यापारी कोचिए भी अवैध रूप से धान का खपाने में लगे हुए है। छोटे किसानों को परेशान करते हुए उनके धान का सैंपल लिया जा रहा है, लेकिन बड़े पहुंच रखने वाले किसानों के धान का सैंपल नहीं लिया जा रहा है जिससे छोटे किसान अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष गौकरण जंघेल, आशीष देवांगन, रोहित यादव, तेजराम वर्मा, रिंकू गुप्ता, गणेश वैष्णव, सुमित जैन, सोनूराम ढीमर, मोहित भांडेकर, अनिल विश्वकर्मा, किशन जंघेल, लेखनारायण टांडेकर, अमित टंडन, अशरफ सिद्दीकी, उमेश बांधे, करण रात्रे, रिंकू दुबेली, विवेकानंद जांगड़े, रेवाराम रजक, योगेश जंघेल, गोकर्ण वर्मा, मनीष साहू, संतू वर्मा, किरण कुमार साहू, हेमंत वर्मा, शुभम वर्मा, खुमान वर्मा सहित युवा कांग्रेस और किसान मित्र समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विभागीय आदेश को दरकिनार कर जमे हैं कर्मचारी, काम हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संलग्रीकरण संबंधी शासन के आदेश को दरकिनार कर अधिकारियों की कृपा से सालों से सीएमएचओ कार्यालय में कर्मचारियो के जमे होने की जानकारी मिली है। मूल पदस्थापना वाली जगहों को छोड़कर ज्यादातर सीएचसी और पीएचसी में काम करने वाले कर्मचारी 26 मार्च 14 और 10 अप्रैल 14 को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी पत्र जिसमे संलग्र कर्मचारियों को छै महीने बाद मूल पदस्थापना वाली जगह पर वापस भेजने का आदेश है उस आदेश को धता बताकर जमे हुए है, जिसके चलते मूल पदस्थापना वाली जगहों पर कार्य प्रभावित हो रहा है।

जानकारी अनुसार मार्च 14 में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग ने चिकित्सकीय अमले को मूल पदस्थापना स्थान से अन्यत्र संलग्र नही किए जाने का स्थायी आदेश पारित किया है जिसमे कंडिका तीन में स्प्ष्ट लिखा हुआ है कि किसी अधिकारी कर्मचारी को मूल पदस्थापना वाली जगह से अन्यत्र संलग्र नही किया जाए यदि ऐसा हुआ है तो उसे तत्काल समाप्त कर संलग्र कर्मचारी को वापस भेजा जाए वही परिस्थिति जन्य स्थिति को लेकर भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि संचालनालय संभाग स्तर के अधिकारी 15 दिन और जिला स्तर के अधिकारी सात दिनों तक के लिए अमले को संलग्र कर सकते है इसके अलावा 15 दिनों से ज्यादा समय के लिए संलग्रीकरण की स्थिति में शासन स्तर से निर्णय होगा।

### शासन के आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां

विभागीय पत्र के क्रियांवयन को लेकर संचालक स्वास्थ्य सेवाए ने भी 10 अप्रैल 14 को आदेश जारी कर संलग्रीकरण आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने कहा है वही 25 अप्रैल 24 को इस आदेश के क्रियांवयन में लापरवाही की शिकायत मिलने के बाद कड़ा पत्र जारी कर कहा है कि आदेश के बाद भी अनेक संस्थाओं में कर्मचारी संलग्र है इसलिए किसी भी स्तर पर जारी संलग्रीकरण आदेश को त्वरित रूप से क्रियांवयित करते हुए दो दिनो के भीतर संबधित संलग्र कर्मचारियों को मूल पद स्थापना वाली जगहों पर भेजा जाए, लेकिन सीएचएमओ कार्यालय में शासन के आदेश की जमकर धज्जियां उउाई जा रही है। जानकारी अनुसार अभी भी कार्यालय में आधा दर्जन से उपर कर्मचारी अपनी अपनी मूल पदस्थापना वाली जगहों को छोड़कर अधिकारियों की कृपा के चलते जमे हुए है जिसके चलते जिले के ग्रामीण वनांचल क्षेत्रों के अनेक सीएचसी व पीएचसी मे लिपिकीय काम प्रभावित हो रहा है।

# जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान 7 से

- कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई अंतर्विभागीय समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत अभियान आगामी 7 दिसम्बर से मार्च तक टीबी मुक्त भारत के लिए जनभागीदारी थीम को लेकर चलाया जाएगा।

7 दिसम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ, 8 दिसम्बर को समुदाय के लोगों को निक्षय मित्र बनाने प्रेरित किया जाएगा। 23 से 31 दिसम्बर के बीच जनप्रतिनिधि सहित लोगों के माध्यम से कार्यक्रमों में क्षय उन्मूलन, कुष्ठ, मलेरिया के विषय में जागरूकता लाई जाएगी। टीबी मुक्त भारत के इस अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन इत्यादि भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी के लिए कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, मितानिन, स्वयंसेवी संगठनों को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त बनाने के प्रयास में लगे रहने की अपील की है।

# कोमल ने किया सलोनी समिति में पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य शासन द्वारा ब्लॉक के वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सलोनी के अध्यक्ष रूप में कोमल वर्मा को समिति का प्राधिकृत मनोनीत किया गया है। जिन्होंने समिति परिसर में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कोमल वर्मा ने कहा कि वे हमेशा किसानों के लिए उपलब्ध रहेंगे, धान खरीदी से संबंधित कोई भी समस्या के लिए किसान उनसे संपर्क कर सकते हैं।



उन्होंने कहा कि किसानों के हक को लेकर सदैव तत्पर रहेंगें।

श्री वर्मा ने अध्यक्ष बनाए जाने पर सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री दयालदास बघेल, प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सहित जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू का आभार जताया है। इस मौके पर मदराकुही सरपंच उत्तम सिन्हा, समिति प्रबन्धक फिरतू राम वर्मा, राकेश वर्मा, राजाराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### भाजपा संगठन चुनाव महापर्व, महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित

# 15 तक मंडल और 30 तक चुने जाएंगे जिला पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा संगठन चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में चुनाव अधिकारी व पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू की उपस्थिति में महत्वपूर्ण कार्यशाला हुई। कार्यशाला में चंदूलाल साहू ने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के लक्ष्य को पार्टी ने देश-प्रदेश में पूरा कर लिया है।

प्रदेश में 60 लाख नए प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं जबकि देश में लगभग 12 करोड़ नए प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। जिन राज्यों में चुनाव था वहां अब सदस्यता की प्रक्रिया प्रारंभ होगी लेकिन जहॉं सदस्यता अभियान पूरा हो गया है वहॉं संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बूथ स्तरीय चुनाव हो रहे है आने वाले 2 से 3 दिनों में इसके पूरा होने के बाद मंडल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी जिसे 15 दिसम्बर तक पूरा होना है फिर 30 दिसंबर तक जिले के चुनाव भी सम्पन्न करा लिए जाएंगे। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा परिवार में विस्तार के लिए इस बार ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से सदस्य बनाए गए जिसमे जिले से 40 हजार ऑनलाइन व 20 हजार ऑफलाइन सदस्य बने है। श्री सिंह ने कहा कि संगठन चुनाव के पश्चात त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है जिसमे गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में सक्रियता से काम करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता से अवसर दिया जाना चाहिए।

कार्यशाला का संचालन बिशेसर साहू ने किया। इस दौरान टीके चन्देल, वीरेंद्र जैन, गिरजा चन्द्राकर, निजाम मंडावी, राकेश ठाकुर, खम्हन ताम्रकार, अवध जंघेल, रामाधार रजक, आनंद सिन्हा, देवकुमार सेन, कृष्णा वर्मा, अनिल अग्रवाल, पूरन वर्मा, विनय देवांगन, केशव चंदेल, पाराशर ठाकरे, नरोत्तम सिन्हा, राकेश ताम्रकार, कमलेश भदौरिया, हरप्रसाद वर्मा, कोमल वर्मा, प्रकाश सिंह, अनिल अग्रवाल, गोरेलाल वर्मा, कृष्णा वर्मा, श्यामपाल ताम्रकार, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, अवध वर्मा, सन्नी यदु, भुवन वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल, आयश सिंह बोनी, आलोक श्रीवास सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।




### सदस्यता अभियान में बेहतर प्रदर्शन

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि जिले में सदस्यता अभियान में बेहतर प्रदर्शन किया गया हैं इसके लिए सदस्यता अभियान के प्रभारी सहित अन्य सदस्य बधाई के पात्र है। जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने बारी बारी से हर मंडल की जानकारी दी वही बूथ कमेटी चयन के बारे में विस्तार से बताया। सक्रिय सदस्य बनाने वाले मंडल पदाधिकारियों को बधाई साथ ही पार्टी द्वारा दिए जिम्मेदारियों में कोताही न बरतने की सलाह दी।

बिजनेस साइट

# गंभीर रोगों के विशेषज्ञ नांदगांव में




**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर्, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददाश्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान, नाक, गला, निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### 7 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 7 दिसंबर को संत तारण तरण जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

खबर संक्षेप

## दामापुर में जल्द पीएससी कोचिंग सेंटर का होगा संचालनः अश्वनी यदु



**हरिभूमि कोलेगांव।** मां भारती एकेडमी के संचालक एवं जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने एक निजी स्कूल कार्यक्रम के दौरान घोषणा किया। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व कल्पना चांवला स्कूल दामापुर में आयोजित बाल मेला कार्यक्रम में पीएससी कोचिंग सेंटर डालने की बात कही, उक्त विषय पर अश्वनी यदु ने खुल कर अपनी बात रखी। जिस पर श्री यदु ने बताया की दामापुर क्षेत्रांतर्गत प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन प्रतिभा को निखारने का कोई विकल्प नहीं है, प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए क्षेत्र में कई प्रतिभावान युवक-युवतियां हैं लेकिन तैयारी हेतु कोई संस्थान नहीं है, दामापुर क्षेत्र में पूर्ण रूप से छोटे किसान, मजदूर, छोटे-छोटे व्यापारी निवासरत हैं, जो कि जीवन-यापन करना ही मुश्किल है तो बच्चों को उच्च शिक्षा दे पाना मुश्किल है स्थिति ये है की नगर सेना, वन रक्षक, आरक्षक जैसे तैयारी के लिए भी बाहर नहीं जा पा रहे, पिछले एक वर्ष से संचालित मां भारती एकेडमी के कई युवक-युवतियां फिजियल टेस्ट में अच्छे नंबर के साथ पास हो चुके हैं, आने वाले वक्त में क्षेत्र में कई युवक-युवतियां पुलिस विभाग में सेवा देंगे एवं दामापुर क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। वहीं भानु चंद्रवंशी कोचिंग सेंटर के मुख्य शिक्षक होंगे एवं अन्य टीचरों की सेवा ली जाएगी।

**अभियान: क्षेत्रों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान करने किया जागरूक**

# बाल विवाह कराने पर होगी सख्त कार्रवाई, एक लाख तक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य की टीम बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। बोड़ला विकासखंड के विभिन्न गांवों, धान संग्रहण केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर लोगों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों और इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा व जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में इस अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस जागरूकता टीम द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। इसके उल्लंघन पर दोषी को 2 वर्ष तक की कठोर कारावास या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यह भी बताया गया कि बाल विवाह में मदद करने वाले व्यक्तियों पर भी समान दंड का प्रावधान है। बाल विवाह बालिका और समाज के लिए बहुत गंभीर माना गया है। अभियान के दौरान यह बताया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास को भी बाधित करता है। इसे समाप्त करने के लिए समाज, कानून और प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ लोगों को इस कुप्रथा के दुष्परिणामों को समझाना बेहद जरूरी है। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर, राजाराम चंद्रवंशी, विभा बक्शी, अविनाश ठाकुर, सुरेश साहू, परमेश्वरी धुर्वे और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान में स्थानीय नागरिकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और बोड़ला नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।




### ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान

मिशन वात्सल्य के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम द्वारा गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों, संस्थानों व समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### बाल विवाह मुक्त भारत व छत्तीसगढ़ अभियान

भारत के प्रधानमंत्री ने 27 नवम्बर को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को प्रोत्साहन दिया।

# भाजपा सरकार में किसानों को एक मुश्त 31 सौ समर्थन मूल्य, टोकन व बारदाना मिलेः वाल्मिकी वर्मा



■ युवा कांग्रेस ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बोड़ला तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा के बोड़ला ब्लॉक में सांकेतिक घेराव कर 11 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार बोड़ला को सौंपा गया। युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि किसानों को एक मुश्त धान समर्थन मूल्य 31 सौ, टोकन व धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की समस्या को उजागर करते हुए किसानों की पीड़ा को उजागर किया। वहीं किसानों का सीमांकन, रिकार्ड दुरुस्त जैसे अन्य कार्य, युवाओं के लिए 57 सौ शिक्षक भर्ती, बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं की सुरक्षा हेतु पोड़ी शराब भट्टी हटाया जाए वहीं क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाए जाने की बात कही।

वहीं युवा कांग्रेस समन्वयक कवर्धा अश्वनी वर्मा ने कहा कि बीजेपी सरकार में देवी-देवता संरक्षित और आम जनता सुरक्षित नहीं है, बेलगाम अपराध हो रहे है, दिन-दुगनी और रात चौगुनी हो रही हैं, बोड़ला में मां काली, शिव जी के मूर्ति चोरी के आरोपी पर कार्यवाही किया जाए, गौ-वंश के लिए व्यवस्था, मुख्य सड़कों को सुधार, छात्रों के लिए सिटी बस, छात्रवृत्ति में वृद्धि, आय-जाति-निवास तत्काल बनाए, पर्यटक स्थलों का सुध लिया जाए, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, शौचालय, सीसी रोड, बाउंड्रीवाल सहित जर्जर भवन को पुनः बनाए जाने की मांग करते है वहीं विभिन्न मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो जल्द ही उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में अमर वर्मा, श्रीमती सावित्री साहू, शिवप्रसाद वर्मा, परमेश्वर मानिकपुरी, दीपक ठाकुर, शिवेंद्र वर्मा, रामगोपाल वर्मा, धनराज वर्मा, नारद चंद्रवंशी, हेमंत ठाकुर, कामू बैगा, कीर्ति केशरवानी, पुरन मानिकपुरी, सूरज वर्मा, आनंद चंद्रवंशी, अजय वर्मा, लक्षकुमार वर्मा, कलप पात्रे सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित गण उपस्थित थें।

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में सोनावती ने स्वर्ण, विद्या व पारस ने रजत पदक प्राप्त किया




**हरिभूमि कवर्धा।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स महिला-पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 3 दिसम्बर को विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर छग के तत्वाधान में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक बहतराई में संपन्न हुआ। उपरोक्त प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज कवर्धा के तीन खिलाड़ी जिसमें सोनावती, विद्या गंधर्व एवं पारस माग्रे ने हिस्सा लिए जिस पर तीनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने इवेंट में छत्तीसगढ़ राज्य में मेडल प्राप्त किए। सोनावती ने गोला फेक महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त की वहीं ऊंची कूद महिला वर्ग में ब्रांच मेडल प्राप्त किए, साथ ही साथ वही विद्या गंधर्व ने भाला फेंक में छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक प्राप्त किए। तथा पुरुष वर्ग में पारस माग्रे द्वारा सबसे तेज गति की 100 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक एवं 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। जिले के तीनों खिलाड़ी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कवर्धा के नियमित छात्र-छात्राएं हैं यह खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुए थे। पीजी कॉलेज कवर्धा के सभी एथलीट निरंतर विगत 3 वर्षों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन रहते हैं, क्रीड़ा अधिकारी खेलन माहूले ने बताया की महाविद्यालय के सभी खिलाड़ी पढ़ाई के साथ-साथ खेल कौशल का निरंतर अभ्यास करते हैं। इसी कारण बड़े प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का चयन होता है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भी चयनित होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रिचा मिश्रा, जन भागीदारी अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव, अजय ठाकुर, डॉ दीप्ति सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं ज्ञापित किया एवं आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन हेतु अग्रिम बधाई दी।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



क्षेत्र में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा के पंचम दिवस की कथा प्रसंग में आचार्य पं झम्मन शास्त्री महाराज ने अपने मुखारविंद से भक्ति मार्ग और गौ-माता की सेवा के संबंध में भक्तजनों को कथा सुनाते हुए महत्व बताया। वहीं वृंदावन धाम में नंद उत्सव धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान बच्चों ने दही, मक्खन लूट व महिला-पुरुषों ने प्रभु के जन्म अवसर पर नाचते गाते भक्ति रस पाने का प्रयास किया। पं श्री शास्त्री ने कहा कि राजा ऐसा होना चाहिए, जिससे राज्य में सुख, शांति और भय मुक्त जीवन व्यतीत करें, ऐसे राजाओं को स्वर्ग में जगह मिलता है। लेकिन भारत के अनेक राजाओं ने अपनी कार्यप्रणाली ऐसी रखी है कि इंद्रदेव को भी अपनी गद्दी उनके लिए समय-समय पर त्याग्नि पड़ी आज के राजा सत्ता सिंन लोग अपनी गद्दी बचाने तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे लोगों को तो स्वर्ग क्या नरक में भी जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि यदि लोग गौ-माता का संरक्षण नहीं करेंगे, मान कर चलिए गाय की विलुप्ता मानव समाज से निकल जाएगी, जो लोग गौ-माता का आदर करते हैं और उनकी सेवा करते हैं, उनके घर भगवान स्वयं पुत्र बनकर अवतरित होते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण नंद बाबा है। राज धर्म के बारे में बताते हुए पं झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि भक्ति मार्ग और गौ-माता की सेवा के संबंध में महत्व बहुत है। आचार्य श्री शास्त्री कथा भाग के पंचम दिवस की कथा सुनाएं कहां की भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है। यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लांघ रहे हैं। श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच-गाना कर रहे हैं, इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है। व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है, इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनाने और सुनने वाले दोनों को इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए। तभी आयोजन की सार्थकता है। व्यास कथा वाचक ने कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने की आवश्यकता है एवं सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ हो कथा के बीच मे वृंदावन धाम मे नंद उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चो ने दही-मक्खन लूटकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया वहीं पंजीरी, पंचामृत, माखन मिश्री का प्रसाद वितरित की गई उत्सव के पश्चात भगवान की महा आरती की गई। इस दौरान आसपास क्षेत्र के भक्तजन व श्रद्धालुगण उपस्थित थें।

## जिले के युवाओं के लिए थलसेना अग्निवीर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा 9 से 11 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय थलसेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ नगर में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस थलसेना अग्निवीर भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2024 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। सीईई में उत्तीर्ण युवाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य प्रक्रियाओं का आयोजन दिनांक 04 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में किया जा रहा है। जिले के युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 9 एवं 11 दिसम्बर की तिथि निर्धारित है।

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है, जिसमें शारीरिक परीक्षा की तिथि व समय का उल्लेख किया गया है। कबीरधाम जिले के अभ्यर्थियों के लिए 09 दिसंबर को मंगल भवन, कबीर चौक, रायगढ़ एवं 11 दिसम्बर 2024 को चांदमारी सामुदायिक भवन, रायगढ़ में रूकने की व्यवस्था की गई है। इस हेतु प्रभारी अधिकारी राकेश मिश्रा एवं प्रभारी अधिकारी रामरतन पटेल से संपर्क किया जा सकता है।

## सत्यमेव जयते क्लब ने की चौथी बार रक्तदान



**हरिभूमि कवर्धा।** सत्मेय जयते क्लब रक्तदान सभी दानों की विधाओं में सर्वश्रेष्ठ दान मानी जाती है। क्योंकि इससे किसी को नई जीवन दी जा सकती है। इसी कड़ी में सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा टीम ने सत्र-2024 की अंतिम व महत्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें रक्तदान दाताओं में क्लब अध्यक्ष देवसिंह ध्रुर्वे ने इस सत्र में सर्वाधिक चौथी बार, कोषाध्यक्ष लालसिंह मरकाम ने अपने जीवन में पहली बार रक्तदान किया। वहीं शिविर में लोचन सिंह मंडावी ने त्वरित रूप से रक्तदान कर एक जरूरतमंद की मदद की। क्लब अध्यक्ष से वर्ष में सर्वाधिक चार बार रक्तदान करने के पीछे राज को पूछे जाने पर उन्होंने अपनी शंयमित तथा अनुशासित जीवन शैली को प्रमुख कारण बताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक स्वस्थ व्यक्ति एक वर्ष में तीन-तीन माह के अंतराल में अधिकतम चार बार ही रक्तदान कर सकता है। दौरान क्लब के निरीक्षक श्याम मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार परते, सदस्य नोकेश मधुकर, वासु लहरे, जिला चिकित्सालय स्टाफ मनोहर लाल पावले, गोपाल दास मानिकपुरी उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## नवोदित मानस व्याख्यान प्रतियोगिता में सुनील चंद्रवंशी ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला स्तरीय नवोदित मानस व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश तुलसी मानस प्रतिष्ठान डॉ सियाराम साहू प्रांतीय संरक्षक, जिलाध्यक्ष शीतल साहू एवं महामंत्री बालाराम साहू के मार्गदर्शन में प्रथम चरण 23 नवम्बर तथा द्वितीय चरण 3 फरवरी को संपन्न हुआ। जिसमे नवोदित मानस व्याख्याकार के रूप में जिले भर के अलग-अलग ब्लाक से 30 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दो चरणों में श्रीराम चरित मानस के अनेक दोहे व चौपाइयों के माध्यम से अपनी व्याख्यान प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम प्रभारी राकेश वैद ने बताया कि युवा व्याख्याकार सुनील चंद्रवंशी पालीगुड़ा निवासी ने अपनी सारगर्भित व समुचित ढंग से दिए गए दोहे का सटीक व्याख्यार्थ करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में की विमलेश्वरी साहू द्वितीय, दीपेंद्र चंद्रवंशी तृतीय, रेणुका साहू चतुर्थ तथा किशन पाठक पंचम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया साथ ही साथ उपरोक्त पांचों नवोदित व्याखाकारों का राज्य स्तरीय मानस प्रतियोगिता की 14-15 दिसम्बर को जगद्गुरु वल्लभाचार्य की जन्मभूमि चंपारण में चयन हुआ है। सुनील चंद्रवंशी ने अपने मानस व्याख्यान में कहा कि मानस के एक पंक्तिपुष्प में तुलसीदास जी कहते है कि कपि के बचन सप्रेम सुनी उपजा मन बिस्वास। अर्थात जो ज्ञान और भक्ति से परिपूर्ण होता है वह सदा ही प्रेम में पगी हुई मधुर वचन कहता है जो सुनने वाले के हृदय में आनंद के साथ विश्वास भी उपजाता है, जैसे अशोक वाटिका में हनुमान जी महाराज के वचनों से मां जानकी को विश्वास हुआ। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष शीतल साहू, निर्यायक प्रवीण कुमार कौशिक, किसान संघ जिलाध्यक्ष श्री डोमन, कार्यक्रम के विशेष व्यस्थापक राकेश जैन, संचालक रामदत्त साहू, प्रहलाद कौशिक, मनोहर साहू, देवकुमार साहू, शत्रुहन साहू, भागवत साहू, बल्लूराम साहू, लखन साहू, रामबिलास कौशिक, पवन नेताम, बालाराम साहू, पुरुषोत्तम वैष्णव, भीमराम साहू, देवकुमार सहित विशेष रूप से उपस्थित थें।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

**ग्रामीण क्षेत्र में बोर खनन व मोटर पंप स्थापना का भूमिपूजन**

# स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने उपमुख्यमंत्री कृतसंकल्पितः वीरेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विधानसभा कवर्धा के हर गांव में सड़क, बिजली, पानी, नाली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों और ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई परेशानियों तथा आभावों का सामना न करना पड़े। इस बात का पूरा ख्याल रखते हुए कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सत्ता सरकार में जिम्मेदारी मिलने के बाद से लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके अथक प्रयासों का ही नतीजा है कि आज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिल रही है। उक्त बातें जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम मिरमिट्टी, दुबहा एवं मानिकचौरी में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्राम मिरमिट्टी, दुबहा एवं मानिकचौरी में पंद्रहवे वित्त आयोग व जनपद निधि से चार स्थानों पर बोर खनन एवं मोटर पम्प स्थापना का भूमिपूजन कार्य आज उनके द्वारा किया गया। उन्होने कहा कि इससे पूर्व भी इन ग्रामों में अन्य विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री साहू ने कहा कि आज तीनो गांवों में बोर खनन एवं मोटर पम्प स्थापना के बाद स्थानीय लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा और उन्हें पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होने स्थानीय ग्रामीणों को पानी के संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया। श्री साहू ने कहा कि पानी अनमोल है इसलिए इसका सही ढंग से उपयोग करें इसे व्यर्थ में न बहने दें। भूमिपूजन कार्यक्रम में डॉ खेमराज साहू सरपंच, नागेश्वरी कौशिक, सुशील साहू, बालाराम साहू, अशोक साहू, गोविंद यादव, शिवचरण ठाकुर, संतोष साहू, शत्रुहन साहू, छोटूराम सिंह उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | REXTON Hearing Aids Available
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कल

**कवर्धा।** राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक 7 दिसम्बर सुबह 10 बजे से जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया है। बैठक में भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण, नांमातरण, बंटवारा, त्रुटिसुधार प्रकरणों दर्ज एवं निराकरण की स्थिति में राजस्व अधिकारियों के समय-सीमा में निराकरण हेतु दिये गये पत्रों की समीक्षा की जाएगी।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 9 दिसम्बर को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में आगामी 09 दिसम्बर को दोपहर 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

### मिलेगा 10 लाख रुपए तक अनुदान

**कवर्धा।** केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएँ बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है। योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु जिले में 75 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिले के इच्छुक व्यक्ति इस योजना का लाभ ले सकते है।

**समस्या:** कोलेगांव और अमलीमालगी के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का टोटा

# स्कूल शिक्षा के नाम पर निभाई जा रही सिर्फ औपचारिकताएं

**मनमाने संलग्नीकरण के चलते डामाडोल स्कूली शिक्षा व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के शिक्षा विभाग में जमकर चल रहे संलग्नीकरण के खेल का खामियाजा सरकारी स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थी किस ढंग से भुगत रहे हैं इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला में देखी जा सकती है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोलेगांव में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विभिन्न कक्षाओं के कुल 108 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। लेकिन इन विद्यार्थियों को पढ़ाने लिखाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने यहां मात्र तीन शिक्षक ही पदस्थ किए गए है। उसमें भी विद्यार्थियों की माने तो स्कूल में गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय का शिक्षक नहीं है। जिससे विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों ने बताया कि यह परीक्षा का समय है लेकिन विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने के कारण उनका कोर्स ही नहीं हो पा रहा है पढ़ाई लिखाई पूरी तरह से चौपट है। इसी प्रकार यहां शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के कुल 86 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। लेकिन अलग-अलग कक्षाओं के इन 86 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने यहां मात्र दो शिक्षकों को पदस्थ किया है। समझा जा सकता है कि मात्र दो शिक्षक पांच कक्षाओं को कैसे पढ़ाते होंगे। गांव में संचालित सरकारी स्कूलों की इस अव्यवस्था से बच्चों के पालक भी खासे नाराज हैं। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग और शासन-प्रशासन स्कूल शिक्षा के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। कमोबेश यही हाल कोलेगांव के पास के ही गांव अमलीमालगी में संचालित प्राथमिक शाला का भी है। यहां कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के कुल 144 विद्यार्थी अध्यनरत हैं लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इन विद्यार्थियों को पढ़ाने लिखाने के लिए स्कूल में मात्र दो शिक्षक ही पदस्थ किए हैं। यहां भी स्कूल शिक्षा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ औपचारिकता ही निभाई जा रही है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से ग्राम कोलेगांव व अमलीमालगी स्कूल में शिक्षकों की कमी को तत्काल दूर किए जाने की मांग की है।




बताया जाता है कि जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में संलग्नीकरण का खेल खुलेआम चल रहा है। ग्रामीण और वनांचल के स्कूलों में पदस्थ शिक्षक अपनी सुविधा और सहूलियत के हिसाब से चढ़ौत्री के दम पर अपनी मनपसंद शालाओं का चुनाव कर रहे हैं और विभाग में बैठे अधिकारी भी स्कूल शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य को ताक में रखकर बगैर सोचे समझे शिक्षकों का संलग्नीकरण कर रहे हैं। जिसका खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। भर्राशाही की हद तो यह है कि जब किसी स्कूल से किसी शिक्षक का संलग्नीकरण उसके मनचाहे स्कूल में कर दिया जाता है तो उसके स्थान में किसी दूसरे शिक्षक को भी नहीं भेजा जाता। कोलेगांव के पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों की माने तो उनके स्कूल में गणित विषय के शिक्षक थे लेकिन उन्हें वहां से कहीं और भेज दिया गया लेकिन उनके स्थान पर दूसरे शिक्षक को आज पर्यंत नहीं भेजा गया है।

# कांग्रेस को अब क्यों होने लगी मंदिर व सनातन धर्म की चिंता?: चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी

- जिस पार्टी के शीर्ष नेता राम मंदिर की सीढ़िया चढ़ने से भी गुरजे करते हैं उनके कार्यकर्ता मंदिर व सनातन धर्म की बात न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिस राजनैतिक दल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता अयोध्या राम जन्मभूमि में स्थापित श्री रामलला मंदिर की सीढियां चढ़ने में भी गुरेज कर रहे हैं, कांग्रेस के जिन शीर्ष नेताओं ने श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्यौता ठुकराकर आयोजन का बहिष्कार किया, जिन कांग्रेसी शीर्ष नेताओं के संरक्षण में धर्मनगरी कवर्धा में भगवा ध्वज का सरेआम अपमान किया गया, सनातनियों पर अत्याचार और लाठी चार्ज किया गया, आज उसी राजनैतिक दल के छुठभैया नेता मंदिर और सनातन धर्म की बात कर प्रदेश के गृह मंत्री का पुतला दहन कर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उक्त बातें शहर भाजपा मण्डल के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि कांग्रेस एक मौका परस्त राजनैतिक दल है, जब कांग्रेस प्रदेश की सत्ता में थी तो उसे न तो मंदिर याद आता था और न ही सनातन धर्म याद आता था। लेकिन आज जब कांग्रेस के इसी दोगलेपन को समझते हुए प्रदेश की जनता ने उसे सत्ता से हंकाल कर बेदखल कर दिया तो वह मंदिर और सनातन धर्म की बात कर रही है। उन्होने कहा कि बोड़ला के जिस मंदिर में चोरी और प्रतिमा खंडित की बात कांग्रेस कर रही है उसकी जांच पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। उन्होने कहा कि इस बात की चिंता कांग्रेस को करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे उन्हीं प्रदेश के गृहमंत्री से कार्यवाही की मांग कर रहे हैं जिन्होने कांग्रेस शासनकाल में सनातन धर्म की रक्षा के लिए जेल की यातनाएं भोगी हैं। प्रदेश के गृहमंत्री को पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। इसलिए बेहतर यही होगा कि सनातन धर्म विरोधी धर्म की आड़ में अपनी ओछी राजनीति न करें। वहीं श्री चंद्रवंशी ने कहा कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता पहले जनता को ये बताये मंदिर से जुड़े मुद्दे पर प्रदर्शन करने से पहले हिन्दू विरोधी अपने आकाओं से परमीशन लिया है या नही और लिया है तो लगातार करारी हार के बाद कांग्रेस अपना ट्रैक बदल रही है क्या ये भी जनता को बताए। क्योंकि इनके आका तो संभल जाकर तुष्टिकरण की अपनी परम्परागत राजनीति कर जिहादियो के साथ खड़ा होना चाहती है।

# गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने किया जाएगा कार्य: विशेषर पटेल

## प्रथम पंडरिया नगर आगमन पर भव्य स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद विशेषर पटेल बुधवार को नगर पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। नगर से पहले रौहा के पास श्री पटेल की अगवानी मोटर साइकिल रैली से किया गया। जिसके बाद हरिनाला से गांधी चौक व महामाया चौक तक रैली की शक्ल में पैदल नगर भ्रमण करते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।श्री पटेल का गांधी चौक व महामाया चौक में नगर व क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया।इस दौरान गांधी चौक में व्यापारी संघ द्वारा लड्डुओं से तौला गया और आतिशबाजी भी की गई। गांधी चौक के पश्चात महामाया चौक में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि गौ माता में सभी समस्याएं दूर करने की क्षमता है। हर समस्या का निदान गाय से है। उन्होंने कहा कि गाय को प्रतिदिन सुबह दो रोटी खिलाएं सभी समस्याएं दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने का कार्य किया जाएगा।साथ ही आने वाली पीढ़ी को गौ माता से जोडने का कार्य सभी लोगों के साथ मिलकर किया जाएगा। श्री पटेल ने कहा कि गाय को गौठान के बजाय घरों तक लाया जाएगा। गाय को घर में रखना ही गौ माता का सही सम्मान है। जिसे सब मिलकर ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान ही गाय को सही सम्मान प्रदान कर सकती है। जिनके घर में गाय रखने की जगह नहीं है, वे भी गौ माता के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्य कर रहे समितियों को सहयोग कर व गौ उत्पाद का उपयोग कर हम सभी गौ संरक्षण का कार्य कर सकते हैं। कोदवागोड़ान निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता रविनंदन पांडेय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री पटेल को गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाकर विष्णु देव सरकार ने सही व्यक्ति का चयन किया है। श्री पटेल गौ सेवा का कार्य लंबे समय से कर रहे हैं। गौ उत्पाद सहित गाय के महत्व को भली-भांति समझते हैं। श्री पांडेय ने कहा कि श्री पटेल ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उन्हें बचपन से ही इस कार्य मे रुचि रही है। इस दौरान रघुनंदन पाठक, विजय जायसवाल, नंद यादव, चंद्रकुमार सोनी, नवल पांडेय, वीरेंद्र शर्मा, तुलस कश्यप, रामस्वरूप साहू, पद्मराज टंडन, गजपाल साहू, सुखचैन चन्द्रवंशी, कुलदीप सिंह छाबड़ा, निर्मल द्विवेदी, रविश ठाकुर, जनक चन्द्राकर, पार्षद विशाल शर्मा, अनुराग ठाकुर, शिवनंदन पांडेय, लाला ठाकुर, गजपाल चन्द्राकर, गोलू ठाकुर, महेश्वर साहू, शुभम जायसवाल, वीरेंद्र ठाकुर सहित महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

**लड्डू से तौला गया**

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद बाद श्री पटेल के प्रथम नगर आगमन के दौरान व्यापारी संघ पंडरिया ने गांधी चौक में उन्हें लड्डुओं से तौलकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी व व्यापारीगण उपस्थित थे।

# सेवा सहकारी समितियों में नियमों के विरुद्ध कर्मचारियों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

पंडरिया तहसील अंतर्गत संचालित 14 सेवा सहकारी समितियों में पूर्व सरकार के दौरान सेवा नियमों को बलाए ताक पर रखते हुए फर्जी तरीके से तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी एवं अध्यक्ष के द्वारा लेनदेन के जरिए अनियमित कर्मचारियों की भर्ती किए जाने को लेकर मोहतरा निवासी खेमचंद यादव ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कबीरधाम से की थी। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले में उप पंजीयक कार्यालय के एक अधिकारी के भी संलिप्त होने के आरोप लगाए थे। इस शिकायत की जांच वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एच एस जांगडे के द्वारा की गई जिन्होंने अपने जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष में बताया है कि पूर्व वर्ती सरकार के कार्यकाल में भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। उनके द्वारा शाखा पंडरिया एवं कुकदुर के अंतर्गत आने वाली समितियों में वर्ष 2018 से अब तक की गई केवल सीधी भर्ती तथा अनुकंपा नियुक्तियों की ही जांच की गई है जिसमें पंडरिया, बाघामुड़ा, महली, किशनगढ़, पौनी, दुल्लापुर, खैरझिटी, रमतला, बघर्रा, कुकदुर, कोदवागोडान, कामठी, चांटा एवं सरईसेत स्थित सहकारी समितियों में सेवा नियमों और विभागीय प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए कर्मचारियों की भर्ती की गई है। जांच में यह भी पाया गया है कि अधिकांश समितियों में समिति क्षेत्र से बाहर के लोगों की भी भर्ती की गई है।

**फर्जी नियुक्तियों को निरस्त करने के निर्देश**

जांचकर्ता प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर सहकारिता उपायुक्त द्वारा 5 नवम्बर 24 को जारी किए गए अपने पत्र में नियमों के विरुद्ध की गई सभी नियुक्तियों को निरस्त करते हुए विभागीय नियमानुसार विधि सम्मत नई नियुक्तियां करने के आदेश दिए हैं।

# बालिकाओं को दी सेफ टच अनसेफ टच की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और आनंद तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर महाराजपुर में जाकर बच्चों को सेफ टच अनसेफ टच के बारे में जानकारी दी गई। मिशन वात्सल्य की टीम के द्वारा बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निः शुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा एवं मदद के लिए निशुल्क नंबर 108 पर फोन कर सकते हैं। बाल श्रमिक, अपशिष्ट पदार्थ संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त, सड़क जैसी परिस्थितियों में निवासरत बालकों एवं मादक द्रव्यों के शिकार बालकों के लिए एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साथ बच्चों के जीवन जीने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागी के अधिकार के संबंध में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। और एक युद्ध नशे के विरूद्ध के जागरुकता अभियान बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को विशेष रूप से सेफ टच एवं अनसेफ टच के बारे में बतलाया गया साथ ही बचने के उपाय भी बताये। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, क्षेत्र, गांव में जन जागरूकता अभियान किया जा रहा है। जागरूकता अभियान कार्यक्रम मे प्राचार्य शासकीय, सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राजा राम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी, विभा बक्शी परिवीक्षा अधिकारी, अविनाश ठाकुर परामर्शदाता, सुरेश साहू, परमेश्वरी धुर्वे सामाजिक कार्यकर्ता महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक, नितिन किशोरी वर्मा, विनय कुमार जंघेल, श्यामा धुर्वे आउटरीच वर्कर,रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव सुपरवाइजर एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के कार्यो के संपादन के लिए अधिकारियों को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिपं के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत, अजय कुमार त्रिपाठी, सीईओ जिला पंचायत, गजेन्द्र कुमार साहू अधीक्षक को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है और अधिकार क्षेत्र संपूर्ण कबीरधाम जिला है। इसी प्रकार कवर्धा जपं, ग्राम पंचायत के लिए तहसीलदार कवर्धा परमेश्वर लाल मंडावी को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत, नायब तहसीलदार विकास जैन, सीईओ शैलेश कुमार भगत और बीईओ संजय कुमार जायसवाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है और अधिकार क्षेत्र संपूर्ण जपं कवर्धा है। पंडरिया जपं, ग्राम पंचायत के लिए तहसीलदार पंडरिया सुनील कुमार सोनपिपरे को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत, उप वनमण्डाधिकारी सुयशधर दीवान, नायब तहसीलदार संजय कुमार मोध्या, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तरूण कुमार बघेल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है और अधिकार क्षेत्र संपूर्ण जपं पंडरिया है। बोड़ला जपं, ग्राम पंचायत के लिए तहसीलदार बोडला सुश्री राजश्री पाण्डेय को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत, तहसीलदार अखिलेश कुमार, सीईओ मनीष भारती और बीईओ अधिकारी बोड़ला को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है और अधिकार क्षेत्र संपूर्ण जपं बोड़ला है। स. लोहारा जपं, ग्राम पंचायत के लिए स. लोहारा तहसीलदार विवेक कुमार गोहिंया को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत, नायब तहसीलदार नागेश कुमार तांजय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएस नायक और बीईओ संतोष भास्कर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है और अधिकार क्षेत्र संपूर्ण जपं स. लोहारा है।

### अभ्यर्थियों से आवेदन 23 दिसम्बर तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आगामी 23 दिसम्बर को सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदन पत्र संभागीय मुख्यालय के कार्यालय कलेक्टर आदिवासी रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, सरगुजा और दुर्ग में जमा कर सकते है। आदिवासी विकास शाखा कबीरधाम से प्राप्त जानकारी अनुसार राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली 2019 के भाग (ब) के समान छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु जिला बिलासपुर में कराने निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से राज्य के पात्र हितग्राहियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।

**कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वावधान में हुआ आयोजन**

# जिले में विश्व मृदा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




उप संचालक कृषि कबीरधाम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में स्वायल हेल्थ कार्ड के अंतर्गत आज को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहन्ती के द्वारा छात्रों एवं कृषकों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख बीपी त्रिपाठी द्वारा छात्रों एवं कृषकों से मृदा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयो पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से मृदा स्वास्थ्य के संबंध में प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर कार्यक्रम को रोचक बनाते हुये सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते हुये कृषको को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालवृन्द परिहार विषय वस्तु विशेषज्ञ, सुशील वर्मा, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा), हरेसिंह वास्केल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सौरभ झा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पीसी विजय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, शुभम गर्ग पीजीटी (जीव विज्ञान), मनोज पुषाम पीजीटी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय कवर्धा, केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर के विद्यार्थी सहित कृषकगण उपस्थित थे।

# संकुल प्राचार्य ने शिक्षकों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित संकुल केन्द्र शासकीय हाई स्कूल छिरहा में संकुल के समस्त शिक्षकों का बैठक आयोजित कर अर्द्धवार्षिक परीक्षा, पांचवी व आठवीं की केंद्रीकृत जिला स्तरीय वार्षिक परीक्षा, एफएलएन, अपार आईडी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने प्रतिदिन डेली डायरी निर्माण, पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन, शनिवार को बैगलेस डे में विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों का व्यवस्थित संचालन, व्यवहारिक जीवन से जोड़कर अध्यापन, शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग, कमजोर व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अलग से मार्गदर्शन, बालवाड़ी में नियमित अध्यापन, अपार आईडी जनरेशन, जाति व निवास प्रमाण पत्र, मुस्कान पुस्तकालय का समुचित उपयोग, इमला लेखन, समय पर उपस्थिति, शाला सुरक्षा, विद्यालय परिसर व व्यक्तिगत स्वच्छता, एसएमसी बैठक, शाला अनुदान का प्राथमिकता तय कर उपयोग, चर्चा पत्र का प्रतिमाह अध्ययन, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्टाफ मीटिंग, नवोदय व अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी आदि से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। संकुल समन्वयक मुरीत खरे ने भी विद्यालय के व्यवस्थित संचालन के लिए मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों से विद्यालय, विद्यार्थियों व शिक्षकों की समस्या की जानकारी लेकर समाधान हेतु सुझाव दिया गया। बैठक में संकुल अंतर्गत स्थित शसकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।